# University in News on 22 August 2020

## NBT PAGE 2

### ₹500 लेट फीस के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का एक और मौका

**राहत:** शुल्क न जमा होने पर करीब 300 स्टूडेंट्स का रुक गया था रिजल्ट

■ **एनबीटी, लखनऊ:** परीक्षा शुल्क जमा न होने की वजह से एलयू में लगभग 300 स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोक दिया गया था। अब इन स्टूडेंट्स को लेट फीस के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया जा रहा है। ये सभी स्टूडेंट्स शनिवार से लेट फीस के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। एलयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि 500 रुपये लेट फीस के साथ स्टूडेंट्स परीक्षा फॉर्म 31 अगस्त तक भर सकते हैं। बता दें कि स्टूडेंट्स काफी दिनों से परीक्षा फॉर्म भरने का एक और मौका दिए जाने की मांग कर रहे थे।

## i-NEXT PAGE 4

### एग्जाम फॉर्म न भर पाने वालों को एक मौका और

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (21 Aug):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एग्जाम फॉर्म जमा न होने पर जिन 355 स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोका था, उन्हें एक मौका और दिया गया है. ज्ञात हो कि एलयू ने बीते दिनों फर्स्ट व सेकंड इयर के स्टूडेंट्स को प्रमोट करने के नियम को संस्तुति दी थी. पर जिन स्टूडेंट्स के एग्जाम फॉर्म नहीं जमा थे उनका रिजल्ट प्रमोट होने के बाद भी रोका गया था.

**एग्जाम फॉर्म न भरने के कारण एलयू ने रोक दिया था रिजल्ट**

#### पांच सौ रुपए लेट फीस

अब ये स्टूडेंट्स लेट फीस के साथ एग्जाम फॉर्म भर सकते हैं. एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि स्टूडेंट्स 500 रुपए लेट फीस के साथ फॉर्म भर सकते हैं. फीस जमा होने के बाद यूनिवर्सिटी इन सभी स्टूडेंट्स का एग्जाम रिजल्ट जारी कर देगी. लेट फीस के साथ फॉर्म जमा करने की लास्ट डेट 31 अगस्त है. स्टूडेंट्स को इस अवधि तक हर हाल में एग्जाम फॉर्म भरना होगा.

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू होगी ऑनलाइन योग शिक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय योग शिक्षा शिक्षा की शुरूआत ऑनलाइन शुरू होगी। इस संबंध में तैयार शुरू हो चुकी है। छात्र अपने घर से ही ऑनलाइन योग क्लास ज्वाइन कर सकेंगे। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल में योग क्लास शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। जल्द इस संबंध में वेबसाइट पर एडमिशन के लिए विवरण अपलोड किया जायेगा।